हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY

(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. | MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with NIRA EDUCOM

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:

- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?

- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

## OUR TOP RECRUITERS

Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

## +91-9907252100

www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1ST Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations

## KALSEE/KAL-MAT

# एनीमिया मुक्त समाज के निर्माण में हम सभी की सहभागिता आवश्यकः प्रेमचंद


प्रचार रथ को रवाना करते विधायक प्रेमचंद पटेल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सिकल सेल बीमारी के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**खास बात**

- एनीमिया के प्रति जागरुकता लाने हेतु प्रचार रथ को किया गया रवाना

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन में हम सभी की सहभागिता आवश्यक है। सभी के सहयोग से ही इस बीमारी को समाज से पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। इस हेतु समाज के सभी वर्ग के लोगों में इस रोग के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। समाज जितनी जल्दी इस अनुवांशिक बीमारी के प्रति जागरूक होगा उतनी जल्दी इसे पूरी तरह खत्म किया जा सकेगा। श्री पटेल ने कहा कि हमारे समाज के कुछ समुदाय के लोग इस बीमारी से अधिक पीड़ति है। उन समुदायों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता लाना बहुत आवश्यक है। साथ ही हमारा जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। दूरस्थ वनांचलों पहाड़ी क्षेत्रों में बसे आदिवासी इलाकों में इस वंशानुगत बीमारी की लोगों को अधिक जानकारी भी नहीं होती, जिसकी वजह से इनके बच्चे भी इस रोग से ग्रसित हो जाते है। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रोग की इसी श्रृंखला को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रो में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो का स्क्रीनिंग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एनीमिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को हमे समय रहते हासिल करना है। इसमें आप सभी अपनी सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम स्थल पर सिकल सेल जांच शिविर आयोजन किया गया था। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने निःशुल्क सिकल सेल जांच कराया। कार्यक्रम में विधायक श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों द्वारा चिन्हाकित 47 हितग्राहियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड प्रदान किया गया। जिसका इस्तेमाल उपचार के लिए किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर अजीत वसंत, सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, महापौर राजकिशोर प्रसाद आदि उपस्थि थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**क्र/392/ना.तह./वाचक/2024 बरपाली दिनांक 31.05.2024**
**/दैनिक समाचार पत्र सूचना पत्र/**

प्रति,
1. रेहाना बानों पति अब्दुल तईल, 2. सलिना बानों पिता अब्दुल तईल, 3. समिना मेमन पिता अब्दुल तईल, 4. जाहिद मोहम्मद मेमन पिता अब्दुल हाफीज, 5. नशीम बानों पिता अब्दुल हाफीज, 6. साहिना बानों पिता अब्दुल हाफीज, 7. निलीफर बानों पति अल्ताफ मेमन, 8. मुस्ताफ मेमन पिता अल्ताफ मेमन, 9. मुनाफ मेमन पिता अल्ताफ मेमन, 10. मो. ईस्तियाक मेमन पिता अलताफ मेमन, 11. मो. आफिस मेमन पिता अब्दुल गफ्फार, 12. मो. शफीर पिता हासम, 13. मो. सलीम पिता हासम, सभी निवासी ग्राम सोहागपुर तहसील बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.)

विषय :-नियत पेशी तारीख में उपस्थित होने बाबत सूचना पत्र।

आवेदक अब्दुल रहमान पिता हासम निवासी सोहागपुर तहसील बरपाली जिला कोरबा के द्वारा ग्राम मौहाडीह स्थित भूमि खसरा नंबर 9, 204 रकबा क्रमशः 0.057, 0.219 हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.276 हे. भूमि को आपसी बटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 24.06.2024 को न्यायालय नायब तहसीलदार बरपाली के समक्ष नियत किया गया है। अतः आप उपरोक्त नियत तिथि को ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करें। नियत तिथि को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नायब तहसीलदार बरपाली**
**जिला-कोरबा(छ.ग.)**

## कोरबा मार्केट

**अपना फार्मेसी**
डॉक्टर सेवा उपलब्ध
डॉ.प्रियंका गोयल
MBBS, DGO Gold Medalist
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गर्भाशय की कैंसर, गर्भनिरोधक परामर्श एवं अन्य स्त्री रोगों की परामर्श एवं ईलाज
सोम से शनि शाम 4 से 6 बजे तक
डॉ.बी.के. झलरिया
MBBS
फैमिली एवं जनरल फिजिशियन
मधुमेह, रक्तचाप, दम, बुखार, शारीरिक कमजोरी एवं अन्य सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
सोम से शनि शाम 5 से 7 बजे तक
डॉ.स्नेहा चंद्रा
B.A.M.S.
प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक
सर्दी, खांसी, बुखार, श्वांस रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, नसों व जोड़ों में दर्ज, मधुमेह, शिशु रोग का उपचार
सुभाष चौक के पास निहारिका, कोरबा
मो.9340230710



**अग्रवाल एजेंसी**
कोरबा, कटघोरा
99263 62800
98930 06380

**विद्यार्थी बचत योजना**
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
**विद्यार्थी बुक डिपो**
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745






हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 21 जून 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

एनीमिया मुक्त समाज के निर्माण में हम सभी की सहभागिता आवश्यकः प्रेमचंद
3



## खबर संक्षेप

### सीएसईबी ग्राउण्ड में आज होगा सामूहिक योग

**कोरबा।** जिले में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर व वार्ड पार्षद धनसाय साहू शामिल होंगे। यह सामूहिक योग कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 8 बजे तक होगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने योग दिवस के सफल आयोजन के लिए समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 7 बजे सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड पहुंचकर योग अभ्यास में शामिल होने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की भी योगाभ्यास कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही है। उन्होंने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में भी योग कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए हैं।

### निगम के सहायक अभियंता व उपअभियंता निलंबित

**कोरबा।** आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने रिश्वत लेने के आरोपी निगम के सहायक अभियंता डीसी सोनकर एवं उप अभियंता देवेन्द्र स्वर्णकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम के दर्री जोन कार्यालय में पदस्थ उप अभियंता श्री स्वर्णकार को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पकड़ा गया है, वहीं सहायक अभियंता श्री सोनकर की उक्त प्रकरण में संलिप्तता का आरोप है, परिणाम स्वरूप उक्त दोनों अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है।

### नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर आज कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**कोरबा।** नीट परीक्षा में गडबड़ी को लेकर 21 जून को प्रातः 11 बजे गांधी चौक रायपुर में राज्य स्तरीय विशाल विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में कांग्रेस पदाधिकारियों को विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होना है। उन्होंने बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, जनप्रतिनिधिगण, ब्लॉक, जोन, सेक्टर व वार्ड पदाधिकारियों को रायपुर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया है।

### कटघोरा न्यायालय में क्लेम प्रकरणों की बैठक 24 को

**कोरबा।** आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिसमें निम्नानुसार अधिवक्ता एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ता उपस्थित हुये। उक्त बैठक में बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन राठौर, सुमन तिवारी, एस.के. मोदी, महेन्द्र अग्रवाल एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित हुये। बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के द्वारा व्यवहार न्यायालय कटघोरा में बैठक आयोजन किये जाने का अनुरोध किये जाने पर बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं की बैठक 24 जून को दोपहर 2 बजे व्यवहार न्यायालय कटघोरा जिला कोरबा के विडियों कान्फेसिंग कक्ष में आहूत की जावेगी।

## कोल कर्मियों को एक कंपनी से दूसरे कंपनी में ट्रांसफर पर मिलेगा का एक लाख का इन्सेंटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया ने सहयोगी कंपनियों में मैनपावर की कमी को दूर करने के लिए नया तरीका निकाला है। इसके तहत नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को एक कंपनी से दूसरी कंपनी में ट्रांसफर करने का प्रावधान है। यह ट्रांसफर कंपनी के खर्चे पर होंगे और कंपनी नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को अधिकतम 1 लाख रुपए तक इंसेंटिव देगी।

इस संबंध में कोल इंडिया की ओर से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। इसमें कंपनी की ओर से बताया गया है कि कोल इंडिया की 466वीं बोर्ड मीटिंग 5 जून को संपन्न हुई। इसके बाद कंपनी ने रि-डिप्लाइमेंट, सरप्लस मैनपावर का निर्णय लिया है। इसके तहत कोल इंडिया की वे सहयोगी कंपनियां जिसमें मैनपावर अधिक है उन्हें जरूरत के अनुसार कोल इंडिया दूसरी सहयोगी कंपनियों में ट्रांसफर करेगी। यह प्रावधान नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए होगा। इसका मुख्य उद्देश्य उन कंपनियों में मैनपावर की कमी को दूर करना है जहां नियमित मजदूरों के नहीं होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। इसके लिए कंपनी नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों से आवेदन मंगाएगी, इसे कोल इंडिया मुख्यालय को भेजा जाएगा। मुख्यालय स्तर पर ही कर्मचारी को एक कंपनी से दूसरी कंपनी में भेजने का निर्णय लिया जाएगा। इस योजना का लाभ नॉन एग्जीक्यूटिव उन कर्मचारियों को भी मिलेगा जिन्होंने अपनी नियोक्ता कंपनी में कम से कम 5 साल तक सर्विस की हो।

### कोल इंडिया ने मैनपॉवर की कमी को दूर करने निकाला नया तरीका

**खास बातें**

- सरप्लस मैन पॉवर को एक कंपनी से दूसरी कंपनी में किया जाएगा ट्रांसफर



### भर्ती बंद, मैनपावर की कमी से जूझ रही कंपनियां

कोल इंडिया और इसकी सहयोगी कंपनियों में नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की भर्ती बंद हो चुकी है। जमीन के बदले नौकरी और कुछ विशेष मामलों में आश्रितों को अनुकंपा नौकरी दी जाती है। भर्ती प्रक्रिया बंद होने से एसईसीएल सहित कोल इंडिया की सभी कंपनियों में मैनपावर की कमी है। कुछ कंपनियों ने पद को ही विलोपित करना शुरू कर दिया है। पद विलोपित होने से कुछ कंपनियों में मैन पावर अतिरिक्त दिख रहा है। अब कोल इंडिया इन्हें भी एक कंपनी से दूसरी कंपनी में ट्रांसफर करने के लिए नीति तैयारी किया है ताकि कोयला खनन में बाधा नहीं आ सके।

### बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाने पुलिस आई एक्शन में

## शराबखोरी रोकने आधा दर्जन ढाबों को पुलिस ने कराया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम जिन मार्गों में हादसे हो रहे हैं। उन मार्गों में संचालित ढाबे जहां ढाबे की आड़ में शराबखोरी हो रही है उनके खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस की टीम ने जिले के आधा दर्जन से अधिक ढाबों को खाद्य विभाग के साथ मिलकर सील करने की कार्रवाई की है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग सहित कटघोरा-पाली मार्ग सहित अन्य मार्गों में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे लोग काल कवलित हो रहे हैं। लगातार हादसों ने जिला प्रशासन और पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने इन हादसों पर विराम लगाने के लिए व लगातार यातायात पुलिस के साथ सड़कों का उन्होंने निरीक्षण भी किया है और ब्लैक स्पॉटों का चिन्हांकन भी किया है। साथ ही इन इलाकों में जिला पुलिस द्वारा लोगों की मदद के लिए अलग-अलग क्षेत्र में टीम गठित की गई है और पुलिस व प्रशासन के नंबर भी क्षेत्र में सार्वजनिक किए गए हैं। साथ ही हादसा होने पर उस क्षेत्र के ग्रामीणों को एक मित्र दल के रूप में उतारा भी गया है कि हादसा होने पर उन्हें फर्स्ट एड रूप में पहले क्या करना है फिर उन्हें किसको इसकी सूचना देनी है इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।

वहीं दूसरी ओर खासतौर पर कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग और कटघोरा-पाली मुख्य मार्ग में पाया गया कि लोग ढाबे की आड़ में शराबखोरी कर रहे हैं और शराब पीकर वाहनों को तेज गति से दौड़ा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के संज्ञान में जब मामला सामने आया तो उन्होंने संबंधित पुलिस थाना प्रभारी व खाद्य विभाग की एक संयुक्त टीम को क्षेत्र में निरीक्षण के लिए भेजा गया था। जहां इस तरह की शराबखोरी के मामले ढाबे में पाए गए थे। जहां बांकीमोगरा क्षेत्र और कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग और कटघोरा-पाली मुख्य मार्ग में लगभग आधा दर्जन से अधिक ढाबे जहां शराबखोरी किए जा रहे थे उनको सील करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्यवाही से ढाबे में शराब बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।



ढाबा पर कार्यवाही करती पुलिस व खाद्य विभाग की टीम।

### ऑटो चालकों पर कब कसेगा शिकंजा

जिला पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा लगातार शराबी चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। निश्चित तौर पर इस कार्रवाई से हादसों पर विराम लगेगा लेकिन वहीं दूसरी ओर शहर व जिले के अलग-अलग क्षेत्र में ऑटो धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। बताया जाता है कि ऑटो चालक देर शाम को शराब के नशे में धुत्त होकर वाहनों को दौड़ते हैं। लगातार इस तरह की कई बार शिकायत भी सामने आई है लेकिन यातायात पुलिस व जिला पुलिस द्वारा ऑटो चालकों के खिलाफ शराब मापक यंत्र से कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है और खासतौर पर रेलवे स्टेशन और पुराना बस स्टैंड में इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिला पुलिस प्रशासन को ऑटो चालकों के खिलाफ भी सख्ती से शराब के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

### डीजल से भरी टैंकर पलटी

अंबिकापुर-कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में अंबिकापुर की ओर से आ रही डीजल से भरी टैंकर महानदी पुल से पहले ढलान पर पलट गई, जिससे सड़क किनारे लगी रेलिंग केबिन में घुस गई। वहीं टैंकर में भरा डीजल भी सड़क पर बह गया। इस हादसे में ट्रक चालक को चोट आई है, जिसे अस्पताल ले जाया गया है। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि हादसे के समय आसपास कोई अन्य वाहन नहीं गुजर रही थी अन्यथा डीजल टैंकर की चपेट में आने से बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

## अवैध शराब के खिलाफ मुहिम 230 लीटर महुआ शराब जब्त



कटघोरा पुलिस द्वारा जप्त की गई अवैध शराब व आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अवैध शराब बनाने बेचने वालों के विरुद्ध जिला पुलिस की टीम ने फिर से विशेष मुहीम का आगाज किया है। जहां 20 प्रकरणों में आरोपियों के कब्जे से 230 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर लगातार पुलिस के द्वारा अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को भी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा, शराब एवं नशीली पदार्थ के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना व चौकी के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किया गया। जिला पुलिस के द्वारा सजग कोरबा के तहत अलग-अलग जगह पर अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 20 प्रकरणों में कुल 231 लीटर कच्ची महुआ शराब किया जप्त कुल 20 लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत किया गया कार्यवाही। ज्ञात हो कि कोरबा पुलिस टीम के द्वारा 1 जनवरी से अब तक कुल अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 358 प्रकरणों में कुल 5654 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं देसी प्लेन मंदिरा शराब किया जप्त पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 356 लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। पिछले वर्ष के मुक़ाबले इस वर्ष जप्त शराब में 9 सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 126 प्रकरण आबकारी के दर्ज हुए थे जिसमें 632 लीटर शराब जप्त की गई थी। पुलिस टीम के द्वारा अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए लगातार आगे भी कार्यवाही की जावेगी।

## कुंआभट्ठा बस्ती में मकानों को तोड़ने पहुंची टीम लौटी वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाय पास में कुआं भट्ठा नामक बस्ती बसी हुई है जहां 40 परिवार निवास करते हैं। उक्त 40 परिवार की जमीन को एक निजी कंपनी अपना बता रही है और न्यायालय के आदेश पर प्रशासन और पुलिस उक्त मकानों को तोड़ने के लिए पहुंची थी जहां बस्तीवासियों के आक्रोश के सामने प्रशासन की एक न चली और प्रशासन को उल्टे पांव लौटना पड़ा। बताया जाता है कि प्रशासन दो तीन दिनों के भीतर फिर से वहां मौके पर मकानों को तोड़ने के लिए फिर से पहुंचेगी ऐसा बस्तीवासियों का कहना है।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 25 कुंआभट्ठा बस्ती में 40 से अधिक लोगों को हटाने के लिए सुपर डेवलपर्स नामक कंपनी के लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय से अवैध कब्जा हटाने के आदेश पर अमल कराने एसडीएम तहसीलदार और पुलिस के अधिकारी व जवान गुरुवार की दोपहर जब मौके पर पहुंचे, तो बस्ती वालों ने उनका विरोध प्रारंभ कर दिया। जिसके बाद प्रशासन की टीम मौके से वापस लौट गई। वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद शैलेंद्र सिंह ऊर्फ बप्पी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि सुपर डेवलपर नामक कंपनी कुंआभट्ठा की जमीन को अपना बता रहे हैं जहां उनके द्वारा उक्त जमीन को अपना बताया जा रहा है साथ हाईकोर्ट के आदेश की बात भी कही गई लेकिन प्रशासन ने उन्हें कोई भी आदेश नहीं दिखाया। उक्त जमीन में लोग काफी लंबे समय से बसे हुए हैं। उनके पास पूर्ववर्ती सरकारों का जमीन भी है और उक्त जमीन शासकीय है। हालांकि विरोध के बाद प्रशासन और पुलिस की टीम वापस लौट गई है लेकिन उन्होंने फिर से दो दिनों के बाद मौके पर कार्यवाही की बात कही है।



विरोध प्रदर्शन करते बस्तीवासी।

## पीएम रिपोर्ट में मौत के कारणों का नहीं हुआ खुलासा, एफएसएल भेजा गया जांच के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम कोटमेर में दो दिनों पूर्व शराब पीने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। चिकित्सक द्वारा दिए गए पीएम रिपोर्ट में मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। घटनास्थल से जप्त की चावल, मछली, शराब व गिलास की जप्ती बनाकर पुलिस ने एफएसएल बिलासपुर को जांच के लिए भेजा है।

ज्ञात रहे कि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटमेर निवासी चैतराम अपने किसी काम से 18 जून को करतला गया हुआ था। जहां से कम निपटाकर चैतराम दोपहर लगभग 12 बजे अपने घर कोटमेर पहुंचा तो उसने देखा कि उसके घर में उसकी पत्नी मालती कंवर 50 वर्ष व उसके पड़ोसी बेदराम राठिया 50 वर्ष पिता मुखीराम राठिया व राम सिंह 60 वर्ष पिता नानहीं राम मृत अवस्था में पड़े हुए थे। जहां परिजनों की सूचना पर पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां चिकित्सक द्वारा पीएम रिपोर्ट दे दिया गया है लेकिन उसमें मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। करतला थाना में पदस्थ एएसआई मोतीलाल डडसेना ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। घटनास्थल से पुलिस को शराब की पॉलिथीन, मछली, चावल सहित अन्य सामग्रियां मिली थी और पुलिस ने उसे जप्त किया था। मृतकों के बिसरा व जप्त की गई सामग्रियों को जांच के लिए एफएसएल बिलासपुर भेजा गया है।

**खास बात**

- शराब पीने से महिला सहित तीन की मौत का मामला

### महापौर और निगम आयुक्त की उपस्थिति में हुई एमआईसी की बैठक

## एमआईसी की बैठक में नगर विकास से जुड़े प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं व सेवाओं तथा निगम के अन्य विभिन्न कार्यो से जुडे.विविध प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में लगभग 3 दर्जन प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई तथा प्रस्तावों पर यथा उचित आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान महापौर ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे.कार्यो की विस्तार से समीक्षा भी की।

महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता व आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की विशेष उपस्थिति में बुधवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कोरबा, बालको, टीपी नगर, दर्री, कोसाबाड़ी, सर्वमंगला एवं रविशंकर नगर जोन के 4 दर्जन से अधिक वार्डों की सफाई व्यवस्था कार्य, टीपी नगर क्षेत्र में रोड निर्माण, निगम क्षेत्र के उद्यानों के संधारण कार्य, निगम के पानी टैंकरों व विभिन्न वाहनों के संचालन हेतु आवश्यक मानव संसाधन से जुडे. प्रस्तावों, निगम में नए पदों के सृजन, विभिन्न सामग्रियों की खरीदी व मरम्मत कार्यों से जुडे. प्रस्तावों, कोरबा हाउसिंग बोर्ड कालोनी व मानिकपुर उप क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाने से जुडे.कार्यों, विघटित साडा एवं वर्तमान में नगर निगम द्वारा विभिन्न योजनांतर्गत लीज पर आबंटित भूखण्डों के भू-भाटक से जुडे. प्रस्ताव सहित अन्य प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन पर विस्तार से चर्चा उपरांत मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में महापौर राजकिशोर प्रसाद ने निगम द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे. कार्यों की जोनवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न मदां के अंतर्गत प्रगतिरत, प्रस्तावित व स्वीकृत निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति की मदवार समीक्षा की, प्रगतिरत कार्या को समयसीमा में पूरा करने, प्रस्तावित व स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण कर कार्यों को प्रारंभ कराने तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़ कार्यों को सर्वप्राथमिकता के साथ संपादित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, बसंत चन्द्रा, प्रदीपराय जायसवाल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एमके वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



## मृतक के परिजनों से नेता प्रतिपक्ष ने की मुलाकात, जाना हाल चाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोटमेर में पिछले दिनों कच्ची शराब पीने से एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई। जहरीली शराब पीने से श्रीमती मालती बाई 50 वर्ष, राम सिंह 60 वर्ष एवं बेदराम 49 वर्ष की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने मृतक के परिजनों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में न आदिवासियों का जंगल बच पा रहा है और न उनकी जान सुरक्षित है। प्रवास के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, विधायक फूल सिंह राठिया के साथ ग्राम कोटमेर पहुंच कर मृतक आदिवासी ग्रामीणों के परिजनों व सरपंच, जनपद सदस्य व ग्रामवासियों से मुलाकात की। श्री महंत ने कहा कि 5 साल से यहां की महिलाओं ने शराब बेचने पर पाबंदी लगा दी है। सरपंच ने बताया कि यह गांव नशामुक्त है, मगर इसका फायदा उठाकर कुछ बाहर के लोग यहां आकर अवैध रूप से बेचते हैं। डॉ. महंत ने कहा कि जो महिलाएं समाज के संरक्षण में लगी है, ऐसे लोगों को अवैध शराब बेचने वालों से सुरक्षा नहीं मिलेगी तो समाज कैसे सुधरेगा।



## खबर संक्षेप



### चैतमा उचित मूल्य दुकान का किया गया निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में विकासखण्ड पाली के चैतमा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दुकान का संचालक और हितग्राहियों की उपस्थिति में जांच किया गया। दुकान में भंडारित चांवल, शक्कर की मात्रा का ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टॉक सत्यापन के साथ ही अन्य रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। जांच के दौरान संचालक द्वारा स्टॉक रजिस्टर का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस हेतु संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया एवं दो दिवस में पंजी संधारित कर एसडीएम पाली के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### पार्षद धरम निर्मले का हाल जानने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत व महापौर



**कोरबा।** नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत को इस बात की जानकारी लगी कि कांग्रेस नेता व नगर निगम वार्ड 6 के पार्षद धरम निर्मले उपचारार्थ न्यू कोरबा हॉस्पिटल में भर्ती हैं तो बुधवार की रात करीब 8 बजे नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत एनकेएच पहुंचकर श्री निर्मले की तबियत का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बीते दिनों कांग्रेस नेता व पार्षद धरम निर्मले एक सड़क हादसे में घायल हो गये थे। श्री निर्मले अपनी बाइक से मोरारका गली मार्ग से होते हुए अपने वार्ड में जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से कार को देख अपनी बाइक का ब्रेक दबाया जिसके फलस्वरूप बाइक स्लिप हो गई और निर्मले सड़क पर गिर गए, गिरने से उनके एक पैर में फेक्चर हो गया जिनका इलाज करीब एक सप्ताह से न्यू कोरबा हॉस्पिटल में चल रहा है।

### कबीर साहेब प्राकट्य दिवस आज

**कोरबा।** श्री सदगुरु कबीर साहेब प्राकटय दिवस व आदर्श विवाह मनाया जाएगा। 21 जून को जेठ पूर्णिमा श्री सदगुरु कबीर साहेब का प्रकटय उत्सव बड़ी धूमधाम से श्री सदगुरु कबीर आश्रम व बाग कोसाबाडी कोरबा में मनाया जाएगा। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-सात्विक चौका महायज्ञ आरती के साथ आदर्श विवाह किया जाएगा।

### फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

**कोरबा।** एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यक्ति की लाश घर में फंदे से लटकती हुई मिली। बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक बीमारी से परेशान था। वह डॉक्टर से इलाज के बजाय किसी बैगा से इलाज करवा रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के चिकनीपाली गांव का है। बहोरन (45) खेती और मजदूरी का काम करता था। उसके पत्नी और दो बच्चे हैं। सब कुछ ठीक चल रहा था, अचानक कुछ दिन पहले उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों को लगा कि काले जादू का साया है। परिजन व्यक्ति को डॉक्टर के पास न ले जाकर के सीधे गांव के पास किसी बैगा (तांत्रिक) के पास लेकर गए। उसने काला जादू बताया, फिर झाड़फूंक शुरू की गई। जहां शख्स की मानसिक स्थिति और बिगड़ गई। वह और ज्यादा बीमार हो गया।

### गाज की चपेट में आकर आधा दर्जन ग्रामीण घायल

**अम्बिकापुर।** मैनपाट के आज आकाशीय बिजली की चपेट में आने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बड़ी बात यह है कि घटना के दौरान ग्रामीण अपने घर में थे और घर के आंगन में ही बिजली गिरी। वहीं एक अन्य स्थान पर भी गाज गिरने से लोग घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया लेकिन बड़ी बात यह है कि अस्पताल में चिकित्सक नदारत थे। चिकित्सकों के लापता रहने से ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आधे घंटे बाद एक महिला चिकित्सक के पहुंचने पर घायलों का उपचार शुरू किया गया। फिलहाल घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है।बता दें कि गुरुवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए है। इस दौरान दोपहर में अचानक तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश होने पर ग्राम बैगहवा निवासी ग्रामीण गंगोत्री अपने परिवार के सदस्यों साथ मवेशियों को घर में बांध रही थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली उनके घर पर गिर गई। गाज ग्रामीणों के घर के आंगन में गिरी जिसके बाद गाज की चपेट में आकर गंगोत्री, सविता, मोहनराम, प्रियंका बुरी तरह से झुलस गए। इसके साथ ही एक अन्य घटना में हरिजन पारा में भी गाज गिरने की घटना सामने आई है जिसमें फुलेश्वरी समेत अन्य ग्रामीण गाज की चपेट में आए है।

## लंबित रोजगार व सर्वे की पावती को लेकर भूविस्थापितों ने खोला मोर्चा

# भूविस्थापितों की खदानबंदी आंदोलन घंटों तक कोयला डिस्पैच रहा बाधित





आंदोलनरत भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम अमगांव दर्राखाचा के भूविस्थापितों ने लंबित रोजगार, जमीन सर्वे की पावती, पुर्नवास ग्राम में विकास कार्य व स्थानीय रोजगारों को आउट सोर्सिंग कंपनियों में रोजगार देने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। बड़ी संख्या में भूविस्थापित महिला व पुरुष खदान में दाखिल हुए और धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया जिसकी वजह से खदान में कोयला डिस्पैच कार्य बाधित हो गया। सूचना मिलने पर एसईसीएल दीपका व गेवरा के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा एक सप्ताह के भीतर सर्वे की पावती और पुर्नवास ग्राम में काम शुरु करने के आश्वासन के बाद आखिरकार भूविस्थापितों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

**खास बात**

- धरना प्रदर्शन की वजह से खदान में लगी वाहनों की लंबी कतार

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम अमगांव दर्राखाचा में एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा जमीन अधिग्रहण किया गया है। इसके बाद गेवरा प्रबंधन ने प्रभावित ग्रामीणों के जमीन व मकानों का नापी सर्वे कार्य भी पूरा कर लिया है। दीपका हरदीबाजार बाईपास सड़क निर्माण के बाद एसईसीएल गेवरा के अमगांव दर्राखाचा का क्षेत्र एसईसीएल दीपका में समाहित हो गया। सर्वे नापी कार्य के लंबे समय बाद भी अब तक प्रभावित भूविस्थापितों को इसकी पावती नहीं दी गई है। यही वजह है कि खदान से प्रभावित भूविस्थापित अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन करते आ रहे हैं लेकिन प्रबंधन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार की सुबह कुसमुंडा खदान से लगे प्रभावित ग्रामों के सैकड़ों भूविस्थापितों ने मोर्चा खोलते हुए हड़ताल शुरू कर दिया। इससे पूर्व प्रबंधन और भूविस्थापितों के मध्य हड़ताल टालने बैठक हुई पर कोई समाधान नहीं होने पर भूविस्थापितों ने हड़ताल का रास्ता अख्तियार कर लिया। भूविस्थापितों द्वारा खदान में धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया जिसकी वजह से खदान में वाहनों की लंबी कतार लग गई और कोयला डिस्पैच कार्य बाधित हो गया। आंदोलन को कांग्रेस नेता व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जयसवाल ने भी अपना समर्थन दिया और भूविस्थापितों के साथ धरना स्थल पर डटे रहे। भूविस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर खदानबंदी आंदोलन का आहवान किया था। भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसईसीएल दीपका के जीएम माइनिंग पार्थ मुखरजी, भू-अधिकारी सुशील साहू, एसईसीएल गेवरा के सुरेश चौधरी, श्री मंगू, हरदीबाजार तहसीलदार विष्णु पैकरा व हरदीबाजार थाना प्रभारी मृत्युजंय सहित सीआईएसएफ व पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। एसईसीएल दीपका व गेवरा के भूविस्थापितों को समझाइश का प्रयास किया लेकिन भूविस्थापित अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। आखिरकार एसईसीएल दीपका प्रबंधन के अधिकारियों ने भूविस्थापितों को 7 दिनों के भीतर जमीन सर्वे की पावती देने व पुर्नवास ग्राम नेहरुनगर में शेष बचे कार्यों को पूरा करने व 24 स्थानीय बेरोजगारों को आउटसोर्सिंग के जरिए निजी कंपनी में रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद दोपहर 3.30 बजे भूविस्थापितों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

**ये हैं मांगे**

भूविस्थापितों की मांग है कि पेयजल की समस्या दूर की जाए, वर्ष 2009-10 में लगाए गए स्टे को हटाया जाए अन्यथा प्रत्येक छोटे बटे बड़े खातेदार किसानों को परिवार भरण पोषण हेतू 30 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जाए, सभी ठेका काम में सौ प्रतिशत भूविस्थापित बेरोजगार को रोजगार प्रदान किया जाए, खदान प्रभावित क्षेत्र की ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा हेतू एम्बुलेंस की सुविधा दी जाए, भूविस्थापित किसान के बच्चों को डीएवी एवं केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा में शिक्षा हेतु प्राथमिकता दी जाए व कोरबा शहर में पढ़ने वाले बच्चों को गांव से शहर तक आने जाने के लिए बस की सुविधा प्रदान की जाए।

# डीएमएफ से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा जिले के मूल निवासी छात्र-छात्राओं को शासकीय मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज अथवा देश के प्रतिष्ठित विष्वविद्यालयों में अध्यापन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान किया जा रहा है।

ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अपनी 12वीं की पढ़ाई राज्य के शासकीय विद्यालय से उत्तीर्ण की हो एवं स्नातक की पढ़ाई हेतु शासकीय मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश लिया हो अथवा देश के प्रमुख 20 प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में प्रवेश लिया हो, उनका शैक्षणिक शुल्क का वहन जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास मद से किया जाएगा। साथ ही उन्हें मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। विद्यार्थियों को उनके अध्ययन संस्थान के नगर के श्रेणी अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जिसमें महानगर श्रेणी के शहरों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार, महानगर के नीचे की श्रेणी के शहर में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को 7 हजार एवं अन्य शहरों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को 5 हजार छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही पूर्व से ही शासन की किसी योजना से छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त कर रहे विद्यार्थी को जिला प्रशासन द्वारा केवल अंतर की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाएगी।

**खास बात**

- शासकीय मेडिकल, इंजीनियर कॉलेज सहित प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्नातक करने वाले विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

**यहां से मिलेगी शिक्षा**

एनआईआरएफ रैंकिंग के अनुसार देश के प्रमुख 20 यूनिवर्सिटी के अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलुरू, जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी नई दिल्ली, जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी नई दिल्ली, दिल्ली यूनिवर्सिटी, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद सहित अन्य विश्वविद्यालय शामिल हैं।

### घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत भटगांव निवासी समल बाई राठिया रोजी मजदूरी का काम करती है। 17 जून की दोपहर लगभग 12 बजे अपने पुत्र परमेश्वर को ढूढने घर में ताला लगाकर अपने बहन के घर गई थी। लगभग 12:30 बजे घर वापस आयी तो देखी कि घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। समल बाई घर के अंदर घुसकर देखी तो आलमारी का ताला टूटा हुआ था तथा कपड़ा जमीन में बिखरा हुआ था। आलमारी में रखे सोने का माला पिपर पत्ती वाला 9 दाना और लाकेट, दो कांस का थाली, एक कांस का लोटा एवं नगदी रकम 5 हजार रुपए सहित हजारों का माल किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। प्रार्थिया समल बाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# आईटी कॉलेज की समस्या को लेकर उद्योग मंत्री ने सीएम से की मुलाकात



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते उद्योग मंत्री व प्रतिनिधिमंडल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहां उनके निवास पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में कोरबा से आए दो प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने उनकी विभिन्न मांग एवं समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने विस्तार से आईटी कॉलेज कोरबा और विद्युत गृह

**खास बात**

- मुख्यमंत्री ने समस्याओं को शीघ्र निदान करने का दिया आश्वासन

स्कूल के कर्मचारियों को लेकर आ रही विभिन्न परेशानियों से अवगत कराया। इस दौरान दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि मंडल भी उपस्थित रहे। मंत्री श्री देवांगन ने सीएम से कर्मचारियों और उनके परिवार के भविष्य को देखते हुए परेशानियों के यथा शीघ्र निदान की मांग की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जल्द ही परेशानियों पर उचित कारवाही का आश्वाशन दिया है।

### जिला न्यायालय में आगजनी की दुर्घटना से बचाव हेतु फायर सेफ्टी प्रशिक्षण का आयोजन

**कोरबा।** जिला एवं सत्र न्यायालय भवन परिसर कोरबा के प्रांगण में गुरूवार की दोपहर 2 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सत्येंद्र कुमार साहू के निर्देशानुसार अग्निशमन यंत्रों के संचालन प्रयोग के संबंध में नगर सेना विभाग की फायर सेफटी टीम द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, समस्त कर्मचारियो एवं पक्षकारों को डेमो के माध्यम से अग्निशमन यंत्रों के संचालन आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके पश्चात वहीं कार्यक्रम में मौजूद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सत्येंद्र कुमार साहू द्वारा स्वयं अग्निशमक यंत्र चलाकर गैस सिलेंडर लगाई गई आग को बुझाया गया। श्री साहू ने कहा कि ग्रीष्मकालीन समय में हो रहे आगजनी की घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए न्यायालय स्थापना अंतर्गत न्यायालय कक्ष, अभिलेखागार, मालखाना एवं कम्प्यूटर सामाग्रियों को आगजनी की दुर्घटना से बचाने हेतु व न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पक्षकारगण एवं अधिवक्तागण की जानमाल की सुरक्षा हेतु यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला न्यायालय के आहूत कराये जाने का निर्णय लिया गया। निश्चित ही इस प्रकार के प्रशिक्षण हमारे निजी जीवन में भी आगजनी की दुर्घटना से बचाव हेतु बहुत सहायक होंगे। जिला न्यायाधीश ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण को ध्यान से सीखने के निर्देश दिये गये।

# किसान वृक्ष मित्र योजना पर कार्यशाला



कार्यशाला में जानकारी देते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग द्वारा किसानों को लाभान्वित करने के लिए किसान वृक्ष मित्र योजना की शुरुआत करने जा रहा है। जिसके तहत किसानों को इस योजना के तहत क्या लाभ होना है इसके तहत कटघोरा वनमंडल के बुका में कार्यशाला आयोजित की गई। जहां क्षेत्र के सैकड़ों किसान शामिल हुए जहां वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वृक्ष मित्र योजना के बारे में बारीकी से बताया गया और किसानों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया।

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छग शासन के तत्वाधान में कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत केन्दई रेज एवं एतमानगर रेंज के किसान एवं कर्मचारी की उपस्थिति में किसान वृक्ष मित्र योजना का कार्यशाला जल विहार बुका में रखा गया। जिसमें केन्दई एवं एतमानगर के किसान मित्र को अभिषेक कुमार दुबे वनक्षेत्रपाल केन्दई देवदत्त खाण्डे वनक्षेत्रपाल एतमानगर, विवेक परासर तकनीकी सहायक वनमण्डल कटघोर एवं ओरिएन्ट पेपर मील के तरफ से दिनेश साकेत उपस्थित रहे। क्लोनल नीलगीरी के बारे में चर्चा कर रोपण, खाद कीटनाशक पौधा लगाने की विधि एवं अन्य आवश्यक जानकारी दिया गया। किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत 5 एकड़ तक निःशूल्क पौधा एवं 5 एकड़ से ऊपर 50 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा दिया जायेगा।

# विश्वकर्मा कनौजिया लोहार समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन



विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री विश्वकर्मा कनौजिया लोहार समाज की बैठक मंगलवार को राताखार में हुई। जिसमें जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वप्रथम सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा विश्वकर्मा बाबा की पूजा अर्चना कर बैठक प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा एवं प्रदेश महामंत्री रामलाल विश्वकर्मा की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से कोरबा जिला अध्यक्ष रविकान्त विश्वकर्मा चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष प्रशांत विश्वकर्मा, सचिव मनीष विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष परमेश्वर (गुड्डा) विश्वकर्मा बनाए गए। इसी तरह जिला कार्यकारणी सदस्य विनोद विश्वकर्मा, प्रचार मंत्री प्रवीण विश्वकर्मा, संगठन मंत्री रमेश विश्वकर्मा चुने गए। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रविकांत विश्वकर्मा ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला कार्यकारिणी का गठन समाज हित में किया गया है आज विश्वकर्मा वंशज एक मंच पर आकर विचारों को रख रहे हैं, समाज की एकता को बनाए रखने में अपना योगदान दे रहे हैं, यह गर्व की बात है। विश्वकर्मा समाज को आगे बढाकर अपने अधिकारों को प्राप्त करना होगा चाहे वह सामाजिक अधिकार हो या राजनीतिक। अपने अधिकार के लिए एकजुट होकर आगे बढाने की जरूरत है । सभी से समाज हित और संगठन को मजबूत करने के लिए सामाजिक एकजुटता पर प्रकाश डालते हुए सदैव संगठित होने के लिए कहा गया। बैठक में समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, नारायण विश्वकर्मा, प्रदेश प्रमुख सलाहकार रामकुमार विश्वकर्मा, विष्णु विश्वकर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री कन्हैया विश्वकर्मा,चंद्रशेखर विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, विकाश विश्वकर्मा, चाम्पा जांजगीर जिलाध्यक्ष चनद्रिका विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, संरक्षक जय विश्वकर्मा, प्रचार मंत्री सुशिल विश्वकर्मा, नरेन्द्र विश्वकर्मा पदाधिकारीगण शामिल हुए।

# अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। जहां एक महिला की करंट की चपेट में आने से मौत हुई है तो वहीं दूसरी ओर एक वृद्धा की पेड़ से गिरकर मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना बांगो थाना क्षेत्र के पोड़ी उपरोड़ा में घटित हुई है। यहां निवासरत अनिल पटेल की 33 वर्षीय पत्नी शीला पटेल गुरुवार की सुबह अपने घर पर हीटर में खाना बना रही थी कि इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दूसरी घटना रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम भुलसीडीह में घटी हुई है। यहां निवासरत जागेश्वर कंवर 73 वर्ष अपने घर के समीप पर स्थित पेड़ पर चढ़ा हुआ था। जहां पेड़ पर चढ़ने के दौरान उसका पैर स्लिप हो गया और वह सीधे ऊंचाई से नीचे आ गिरा। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कम कर जांच शुरू कर दी है

### लापता दो नाबालिग किशोरियों को किया गया बरामद

**कोरबा।** हरदीबाजार चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत दो नाबालिग किशोरी 13 जून को घर से अचानक लापता हो गए थे। परिजनों द्वारा आसपास क्षेत्र में व रिश्तेदारों के बीच खोजबीन की गई लेकिन दोनों नाबालिग किशोरी का पता नहीं चल पाया था। परिजनों ने उसकी नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फूसलाकर अपने साथ ले जाने की शंका जाहिर की थी जिस पर पुलिस ने धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले में पुलिस विवेचना कर खोजबीन कर रही थी इस बीच पुलिस को पता चला कि दोनों नाबालिग दिल्ली में हैं। जिसके बाद पुलिस की टीम तत्काल दिल्ली पहुंची और दिल्ली से दोनों को सकुशल बरामद कर लिया गया है।


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

